भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4356

उत्तर देने की तारीख 22 मार्च, 2021

सोमवार, 01 चैत्र, 1943 (शक)

भारतीय कौशल संस्थान

4356 श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत के विभिन्न राज्यों में प्रस्तावित भारतीय कौशल संस्थान स्थापित करने में हुई प्रगति का ब्योरा क्या है;

(ख) क्या हरियाणा में ऐसे संस्थानों को स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ग) क्या किसी विदेशी विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री राज कुमार सिंह)

(क) मुंबई, अहमदाबाद और कानपुर में प्रस्तावित भारतीय कौशल संस्थान स्थापित करने की दिशा में हुई प्रगति इस प्रकार है:-

आईआईएस मुंबई - मुंबई में आईआईएस स्थापित करने के लिए, आरएफपी प्रक्रिया के माध्यम से टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट (टेडीटी) का चयन निजी परिचालन भागीदार के रूप में किया गया था। आईआईएस मुंबई के लिए 11 नवंबर 2020 को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिदेशक और टाटा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स के बीच परिचालन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

आईआईएस अहमदाबाद - पीपीपी मॉडल में अहमदाबाद में आईआईएस स्थापित करने के लिए, आरएफपी प्रक्रिया के माध्यम से टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट (टेडीटी) का चयन निजी परिचालन भागीदार के रूप में किया गया था। आईआईएस, अहमदाबाद की आधारशिला 15 जनवरी 2020 को रखी गई है।

आईआईएस कानपुर - एनएसटीआई कानपुर में आईआईएस स्थापित करने के लिए, निजी भागीदार चयन के लिए आरएफपी तैयार किया गया है।

(ख) हरियाणा में आईआईएस स्थापित करने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) आईआईएस के संबंध में किसी विदेशी विश्वविद्यालय और भारत सरकार के बीच किसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

****